आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 15.11.2024
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के जमुई में जनजातीय समुदायों के विकास के लिए छह हजार छह सौ चालीस करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया।
- भूमि धोखाधड़ी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए देहरादून में डेडिकेटेड कम्प्यूटर कियोस्क खोला जाएगा।
- प्रदेश में गुरु नानक जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी जा रही है।

पीएम जनजातीस गौरव दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिहार के जमुई में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने ग्रामीण और दूर–दराज के इलाकों में जनजातीय समुदायों के विकास के लिए छह हजार छह सौ चालीस करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के बाद आदिवासी समाज के योगदान को इतिहास में वो स्थान नहीं दिया गया, जिसका आदिवासी समाज हकदार था।

युवा महोत्सव समापन

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने युवाओं से नशे और ड्रग्स की आदतों से दूर रहने का आह्वान किया है। उन्होंने युवाओं को हमेशा बड़े सपने देखने और उन्हें हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। देहरादून के परेड मैदान में आयोजित ''उत्तराखण्ड राज्य स्तरीय युवा महोत्सव'' के समापन समारोह में राज्यपाल ने कहा कि युवाओं के सामर्थ्य और जुनून के बल पर उत्तराखण्ड को एक विकसित राज्य बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए इस प्रकार का मंच प्रदान किया है, जो निःसंदेह उनके

विकास में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव ने राज्य की परंपराओं और आधुनिकता का अनूठा संगम प्रस्तुत किया है। महोत्सव में मुर्गा झपट और पिट्ठू जैसे खेलों को शामिल करने के प्रयास को राज्यपाल ने सराहनीय बताया। 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारी के मद्देनजर युवा महोत्सव में स्पोर्ट्स एक्सपो का आयोजन भी किया गया, जिसमें खेल विभाग के विभिन्न हॉस्टलों और स्पोर्ट्स कॉलेजों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने विभिन्न खेल उपकरणों पर आधारित स्टॉलों का निरीक्षण किया और युवा महोत्सव के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित कर उनकी प्रतिभा को सराहा।

## भूमि धोखाधड़ी रोकथाम

देहरादून जिला प्रशासन ने भूमि धोखाधड़ी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए डेडिकेटेड कम्प्यूटर कियोस्क खोलने का फैसला लिया है। इसकी मदद से जमीन खरीदने वालों को रजिस्ट्री से पहले ही उसकी पूरी जानकारी मिल जाएगी। देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने बताया कि दून में रजिस्ट्रार कार्यालय के पास जल्द ही डेडिकेटेड कम्प्यूटर कियोस्क खोला जाएगा। इस संबंध में उन्होंने रजिस्ट्रार सहित राजस्व विभाग के अधिकारियों को भूमि फर्जीवाड़ा रोकने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिये हैं। गौरतलब है कि डेडिकेटेट कंप्यूटर कियोस्क रजिस्ट्री कार्यालय के पास बनाया जा रहा है। इससे सामान्य नागरिक. ई– रजिस्ट्रेशन वेबसाइट पर भूमि से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

## गुरु नानक जयंती

गुरु नानक जयंती आज प्रदेश में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी जा रही है। सिख धर्म की स्थापना करने वाले सिखों के पहले गुरु, गुरु नानक देव जी की जयंती को गुरु पर्व के रूप में भी मनाया जाता है। इस वर्ष गुरु नानक देव जी की 555वीं जयंती है। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व और कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने अपने संदेश में कहा कि गुरू नानक देव का प्रकाश पर्व हमें उनकी शिक्षाओं का स्मरण कर उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संदेश में कहा कि सिख धर्म के प्रथम गुरु गुरुनानक देव ने हमें सच्चाई, न्याय और मानवता की राह पर चलने की प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि गुरुनानक ने समाज की बुराईयों को दूर करने के लिए अपने उपदेशों और शिक्षा के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

## कार्तिक पूर्णिमा

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आज हरिद्वार में हर की पैड़ी सहित विभिन्न घाटों पर बड़ी सख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान कर रहे हैं। सुबह से ही गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। तीर्थ पुरोहित जितेंद्र शास्त्री ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा का स्नान सभी पूर्णिमाओं में सबसे बड़ा स्नान है। वहीं कार्तिक पूर्णिमा के स्नान को देखते हुए हरिद्वार में पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं।

## आपदा कार्यशाला

देहरादून में "पर्वतीय खतरों के आकलन और चुनौतियों'' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सरकारी संस्थानों, आईआईटी और संबंधित हितधारकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला में हिमालयी ढलानों के खतरों, सुरंग बनाने की चुनौतियों और हाइड्रो परियोजनाओं के निर्माण के दौरान प्राकृतिक बाधाओं सहित कई अन्य बिंदुओं पर विचार–विमर्श किया गया। राज्य के आपदा सचिव विनोद कुमार सुमन ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण हर साल हजारों लोगों की मृत्यु होती है, संपत्ति और बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचता है। उन्होंने कहा कि आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए वैज्ञानिक आकलन के लिए कार्यशाला में चर्चा की गई।

## स्मार्ट सिटी बैठक

स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत राजधानी देहरादून में अधिकांश कार्य लगभग पूरे हो गए हैं। शहरी विकास मंत्री डॉ. प्रेमचन्द अग्रवाल ने देहरादून विधानभवन में इस संबंध में आयोजित बैठक की समीक्षा के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत क्रैश बिल्डिंग, मॉर्डन दून लाइब्रेरी, स्मार्ट वॉटर एटीएम, परेड ग्राउंड रिनोवेशन, जल निकासी और स्मार्ट रोड सहित 19 कार्य पूरे हो चुके हैं, जबकि देर से शुरू हुए ग्रीन बिल्डिंग का काम गतिमान है। उन्होंने बताया कि अगले साल अक्टूबर माह तक ग्रीन बिल्डिंग का कार्य भी पूरा कर लिया जायेगा। डॉ. अग्रवाल ने अधिकारियों को स्मार्ट सिटी के शेष कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं।

## शिविर आयोजन

नैनीताल जिले में चिन्हित कुल 151 दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र और आधार कार्ड बनाने के लिए दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिले के मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे ने बताया कि आगामी 20 नवम्बर को हल्द्वानी के सोबन सिंह जीना बेस चिकित्सालय में विकासखंड हल्द्वानी,

कोटाबाग, ओखलकांडा एवं रामनगर निवासी दिव्यांगों के प्रमाण पत्र बनाने के शिविर का आयोजन किया जाएगा। वहीं विकासखंड बेतालघाट, धारी, रामगढ़ और भीमताल निवासी दिव्यांगों के प्रमाण पत्र 21 नवम्बर को नैनीताल के बीडी पाण्डे चिकित्सालय में बनाए जाएंगे।

खतरा

बागेश्वर जिले के कुंवारी की तलहटी में शंभू नदी में एक बार फिर से झील बननी शुरू हो गई है। इससे चमोली जिले को खतरा होने की संभावना को देखते हुए प्रशासन सतर्क हो गया है। इसकी जांच के लिए एक टीम कपकोट से रवाना हुई।

गौरतलब है कि शंभू नदी में आर्टिफिशल लेक का सबसे पहले 2022 में देखी गई, जिसके बाद प्रशासन द्वारा एक टीम भेजकर  इस झील को खुलवाया था। इसके बाद अप्रैल 2024 में फिर इस नदी पर झील बनी थी।